राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से जनप्रतिनिधि, न्यायाधीश व प्रशासनिक अधिकारी मिले

जयपुर, 09 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन में पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम, डॉ. प्रभा ठाकुर, पूर्व मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी और पूर्व महापौर श्री मोहन लाल गुप्ता मिले। राज्यपाल श्री मिश्र को पूर्व सांसद श्रीमती प्रभा ठाकुर ने अपनी कृति देहरी का मन भेंट की। राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश के न्यायाधिपति श्री चन्द्र भूषण मिले। विभागीय जाँच आयुक्त श्री संजय दीक्षित ने भी अपनी कृति कृष्णा गोपेशवारा की प्रति भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र को साहित्यकार पद्मश्री स्व. श्री विजयदान देथा द्वारा रचित राजस्थानी साहित्य प्रकाशनों का एक सैट उनके पुत्र श्री महेन्द्र देथा ने भेंट किया।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान